दिनांकः 27.04.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रदेश में आम चुनाव के दूसरे चरण में 13 संसदीय क्षेत्रों में 64 दशमलव छह प्रतिशत मतदान–दोनों चरणों में औसतन 61 दशमलव 6 फीसदी वोट पड़े।
- राज्य में लोकसभा की सभी 25 सीटों पर मतदान प्रक्रिया सम्पन्न–मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने मतदाताओं का जताया आभार।
- भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने दूदू जिला कलेक्टर और पटवारी पर 25 लाख रुपये रिश्वत मांगने का मामला किया दर्ज–जांच शुरू।
- प्रदेश में मौसम में बदलाव से लोगों को तेज गर्मी से मिली कुछ राहत–आज भी ज्यादातर स्थानों पर आंधी बारिश की संभावना।

...............

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में कल 13 संसदीय क्षेत्रों में 64 दशमलव छह प्रतिशत मतदान हुआ। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि पोस्टल बैलेट के माध्यम से किया गया मतदान भी इसमें शामिल है। उन्होंने बताया कि पोलिंग से जुडे सभी दस्तावेज की जांच के बाद अंतिम आंकड़े जारी किये जाएंगे। दोनों चरणों में औसतन 61 दशमलव छह फीसदी मतदान रिकॉर्ड हुआ है। कल हुई वोटिंग में सबसे ज्यादा 74 दशमलव दो पांच प्रतिशत मतदान बाड़मेर में हुआ। वहीं सबसे कम 56 दशमलव पांच पांच प्रतिशत वोट टोंक–सवाईमाधोपुर लोकसभा सीट पर पड़े। साल 2019 के लोकसभा चुनाव की तुलना में इस बार बाड़मेर और कोटा में मतदान प्रतिशत बढ़ा है। कोटा–बूंदी लोकसभा सीट पर पिछली बार 70 दशमलव दो दो प्रतिशत मतदान हुआ था, इस बार यह आंकड़ा 71 दशमलव चार दो प्रतिशत हो गया है। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

...............

बाड़मेर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में 73 दशमलव 3 शून्य प्रतिशत मतदान हुआ था, जो इस बार बढ़कर 74 दशमलव दो पांच प्रतिशत हो गया है।

...............

शेष सीटों में से बांसवाडा–डूंगरपुर में 72 दशमलव सात सात प्रतिशत, झालावाड–बारां में 69 दशमलव शून्य तीन, चित्तौडगढ में 68 दशमलव तीन एक, उदयपुर में 64 दशमलव पांच तीन, जोधपुर 63 दशमलव आठ नौ, जालौर में 62 दशमलव पांच छह, भीलवाडा में 60 दशमलव चार सात, अजमेर में 59 दशमलव सात तीन और राजसमंद में 58 दशमलव चार छह फीसद मतदान हुआ।

000

राज्य में लोकसभा की 25 सीटों पर मतदान प्रक्रिया सम्पन्न हो गयी है। पहले चरण के तहत 19 अप्रैल को 12 लोकसभा सीटों पर कुल 58 दशमलव दो आठ प्रतिशत मतदान हुआ था। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने लोकतंत्र के इस महापर्व में शांति और सौहार्द का परिचय देने के लिए प्रदेश के सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि निर्वाचन विभाग की ओर से किये गये नवाचारों और मॉनिटरिंग से निर्बाध चुनाव सम्पन्न हुए। श्री गुप्ता ने बताया कि प्रदेशभर में 53 हजार 128 मतदान केन्द्रों पर वोट डाले गए। इसमें से 27 हजार 140 बूथों पर मतदान प्रक्रिया की लाइव वेबकास्टिंग करवाई गई। उन्होंने बताया कि होम वोटिंग सुविधा के तहत दोनों चरणों में 98 दशमलव तीन नौ प्रतिशत पात्र मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। इसके अलावा करीब सवा दो लाख कार्मिकों ने पोस्टल बैलेट से मतदान किया।

इस चुनाव में कुल 3 हजार 400 विशेष मतदान केंद्र बनाए गए। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 4–4 बूथ महिलाओं और युवाओं तथा एक बूथ दिव्यांग कार्मिकों द्वारा संचालित किया गया। उन्होंने बताया कि मतदान प्रक्रिया में सवा तीन लाख से अधिक मतदान कर्मी और डेढ लाख से अधिक सुरक्षाकर्मी लगाये

गये। चुनाव में धन–बल सहित अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए आचार संहिता के बाद से 919 करोड़ रुपये से अधिक की सामग्री जब्त की गयी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रदेशभर में आचार संहिता के उल्लंघन की 6 हजार 400 शिकायतें दर्ज की गयी थीं। इनमें से साढे तीन हजार शिकायतें सही पाई गयीं और उनका निस्तारण किया गया।

...............

राज्य में लोकसभा की सभी 25 सीटों पर मतदान के साथ ही कुल 266 प्रत्याशियों के चुनावी भाग्य का फैसला ईवीएम में कैद हो गया है। चार जून को मतगणना वाले दिन ईवीएम खोली जाएंगी और 18वीं लोकसभा के लिए चुने गये सांसदों का परिणाम सामने आएगा। ईवीएम और वीवीपैट मशीनों को संबंधित जिलों में कड़ी सुरक्षा के बीच स्ट्रॉंग रूम में रखवाया गया है।

...............

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने दूदू जिला कलेक्टर हनुमल मल ढाका और पटवारी हंसराज पर रिश्वत मांगने के संबंध में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ब्यूरो के उपमहानिरीक्षक डॉ. रवि के निर्देशन में जांच टीम ने दूदू कलेक्टर के निवास पर तलाशी ली और मामले से संबंधित दस्तावेजों को जब्त किया। डॉ. रवि ने बताया कि एक परिवादी की ओर उसकी जमीन के रुपांतरण की एवज में जिला कलेक्टर ने 25 लाख रुपये की मांग की थी। शुरूआती जांच में रिश्वत का सत्यापन होने पर प्रकरण दर्ज किया गया है।

...............

अंग प्रत्यारोपण और तस्करी के मामले में जयपुर पुलिस ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ओर से गिरफ्तार एसएमएस अस्पताल के सहायक प्रशासनिक अधिकारी गौरव सिंह और फोर्टिस अस्पताल के कॉ–ऑडिनेटर विनोद तथा एक अन्य आरोपी को जेल से प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है। पुलिस अब इन आरोपितों से आगे की पूछताछ कर अंग तस्करी और प्रत्यारोपण से जुडे मामले की जांच करेगी। सहायक पुलिस आयुक्त गोपाल सिंह ढाका ने बताया कि मामले में गुरुग्राम से पकडे गये अंग डोनर और रिसीवर से पूछताछ में कई अहम जानकारियां सामने आई हैं। तस्दीक के बाद मामले से जुडे कई नये राज़ खुलने की उम्मीद है।

...............

भारत और उज्बेकिस्तान की सेनाओं के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'दस्तलिक' का कल समापन हुआ। 15 अप्रैल से शुरू हुए इस सैन्य अभ्यास में भारतीय सेना की अमोघ डिवीजन, फाजिल्का ब्रिगेड और सप्त शक्ति कमांड की मुल्तान बटालियन ने प्रतिनिधित्व किया, जबकि उज़्बेकिस्तान की दो प्लाटून इस अभ्यास में शामिल हुईं। सैन्य अभ्यास का उद्देश्य आतंकवाद से लड़ने में दोनों देशों की भागीदारी और दोनों सेनाओं के बीच अधिकतम सामंजस्य बढ़ाना था।

...............

भरतपुर के घना पक्षी विहार में 41वीं सारस गणना पूरी हो गयी। पक्षियों की इस गिनती में भरतपुर जिले में 143 सारस पाए गये जबकि कैलादेव उद्यान में 15 सारस मिले। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

...............

प्रदेश में मौसम में आए बदलाव से लोगों को तेज गर्मी से कुछ राहत मिली है। दक्षिणी और पूर्वी जिलों में कल कई स्थानों पर आंधी के साथ हल्की बारिश हुई। मौसम केन्द्र जयपुर से मिली जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटों में पूर्वी राजस्थान में कहीं–कहीं हल्की वर्षा हुई, जबकि पश्चिमी जिलों में मौसम शुष्क रहा। विभाग ने आज भरतपुर, जयपुर, कोटा, अजमेर, बीकानेर और उदयपुर संभाग में मेघगर्जन के साथ बूंदाबांदी होने की संभावना जतायी है। इस बीच, कल श्रीगंगानगर में दिन का तापमान 42 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

...............